CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 156 ▫ रायपुर, सोमवार 30 जून 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## खरीदी धान का उठाव नहीं, अंकुरण के बाद अब आ रहा रोपा लगाने का काम





**भानुप्रतापपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में 3100 रुपए के समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान पर संकट मंडरा रहा है. इन दिनों धान पानी में भीगकर अंकुरित हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ सफाई दे रहे हैं. खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की धान खरीदी को चार महीने गुजर चुके हैं. लेकिन अब तक धान खरीदी केंद्रों में रखे धानों का विपणन केंद्र के गोदामों में नहीं हो पाया. नतीजा धान खरीदी केंद्र में पड़ा धान सड़ रहा है. अंकुरित हो रहा है. कांकेर जिले के धान खरीदी केंद्रों में कांकेर जिले में लगभग 75 हज़ार क्विंटल धान जमीन पर पड़ा भीग रहा है.

### सरकार को करोड़ों का नुकसान

दरअसल, सरकारी नियम के अनुसार धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव 28 फरवरी तक हो ही जाना था. लेकिन अब हालात यह है कि धान खरीदी केंद्रों में पड़ी धान बारिश से अंकुरित हो गई है. भानुप्रतापपुर विकासखंड के केवटी धान खरीदी केंद्र में अंकुरित धान का उपयोग ग्रामीण थरहा के रूप में कर रहे हैं. लोग धान खरीदी केंद्र से उखाड़ कर अपने खेतों में रोपने के लिए ले जाने लगे हैं. सरकारी अफसर शाही का खामियाजा सरकार को किस तरह उठाना पड़ता है, उसका यह जीता जागता उदाहरण है. धान खरीदी केंद्र के प्रभारी योगेश सोनवानी का कहना है कि इस समस्या से लगातार फोन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया गया है. इसके साथ ही मिलर्स से भी सम्पर्क किया जा रहा है. लेकिन केवल उनके आने का आश्वान मिल रहा है. अभी भी फड़ में 11 हजार बोरा मौजूद है. पहले भी कई चुनोतियाँ रही है, इस बार किसी तरह हमने खरीदी शुरू की, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी धान का उठाव नहीं हुआ है. पिछले बार यहां काम करने वालों को जेल भेजा गया है, जिससे अब डर लगने लगा है कि कहीं उन्हें भी जेल नहीं भेज दिया जाए।

## हैदराबाद में केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाका, 10 की मौत



**नई दिल्ली,** 30 जून (न्यूज चैनल)। हैदराबाद के पटंचेरुवु इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक केमिकल फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। चश्मदीदों के मुताबिक धमाका इतना भयानक था कि आसपास की इमारतें हिल गईं और फैक्ट्री की छत के परखच्चे उड़ गए।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 10 लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। दमकल विभाग, पुलिस, और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच चुकी हैं और मलबे में फंसे लोगों को निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। कुछ लोगों को लगा कि भूकंप आया है, लेकिन जब फैक्ट्री से धुएं का गुबार उठता दिखा, तो सच्चाई सामने आई। आसपास के घरों की खिड़कियां तक चटक गईं। पुलिस ने मौके को चारों ओर से घेर लिया है और फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि रसायनों के अनुचित भंडारण या उत्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई तकनीकी चूक हुई होगी, जिससे यह विस्फोट हुआ।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कटक में मालगाड़ी बेपटरी

**नई दिल्ली,** 30 जून (न्यूज चैनल)। ओडिशा में कटक रेलवे स्टेशन के निकट एक यार्ड में सोमवार को एक मालगाड़ी के तीन खाली डिब्बे पटरी से उतर गए। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। सुबह करीब साढ़े आठ बजे वैगन पटरी से उतर गए और यार्ड में लूप लाइन प्रभावित हुई है। मशीनों, सामग्री और जनशक्ति के साथ एक राहत ट्रेन पहले ही भेज दी गई है और यार्ड में लूप लाइन को जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा।

### कर्नाटक में हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 30 जून (न्यूज चैनल)। तुमकुरु जिले में कुनिगल के निकट बाईपास पर एक कार और तेज रफ्तार मिनी ट्रक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में 13 वर्षीय एक लड़के समेत एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सीबे गौड़ा (50), उनकी पत्नी शोभा (45), बेटी दुम्बीश्री (23) और बेटे भानुकिरण (13) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात आठ बजे जब परिवार वैली स्कूल में कक्षा 8 के छात्र व अपने बेटे भानुकिरण को कुनिगल के बाहरी इलाके में बिदनागेरे के पास उसके छात्रावास में छोड़ने जा रहा था। जब वे कुनिगल बाईपास पर पहुंचे तो एकतरफा सड़क पर गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ट्रक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि कार की गति भी काफी तेज थी और दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार में सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश में सड़क हादसे में तीन की मौत

**नई दिल्ली,** 30 जून (न्यूज चैनल)। अन्नामय्या जिले में एक लॉरी और मिनी ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि 14 लोगों का समूह एक मिनी ट्रक में सवार होकर कर्नाटक के तिरुमाला से बागेपल्ली लौट रहे थे, तभी कादिरी-मदनपल्ले राजमार्ग पर गलत दिशा से आ रही एक लॉरी (कंटेनर ट्रक) ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। मदनपल्ली के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) महेंद्र ने बताया कि वे सुबह तीन से साढ़े तीन बजे के बीच तिरुमाला से चले थे। सुबह करीब सवा छह बजे जब वे सही लेन पर गाड़ी चला रहे थे, तभी विपरीत दिशा से एक कंटेनर ट्रक आया और उन्हें सामने से टक्कर मार दी। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।




**चूहा-** सुनती हो, धान खरीदी करने के बाद उठा नहीं पाए अब धान सड़ रहा है।
**चुहिया-** हां जी, गरीबों को बांट देते तो उनका भला हो जाता और सरकार का भी..!

## शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ 1100 पन्नों की चार्जशीट पेश




**रायपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के 2161 करोड़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ आज ईओडब्ल्यू ने चौथा पूरक चालान पेश किया. विशेष कोर्ट में 1100 पन्नों का चालान पेश किया गया. इस चार्जशीट में लखमा की अहम भूमिका का उल्लेख किया गया है. इसमें 66 पेज की समरी में प्रकरण का ब्योरा दिया गया है.

गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में श्वष्ठ ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनसे 2 बार श्वष्ठ दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार करने से पहले श्वष्ठ ने उन्हें 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने लखमा की 18 फरवरी तक रिमांड बढ़ा दी थी।

## रायपुर के 9 तहसीलदारों का तबादला

**रायपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर और जिले में पदस्थ 9 तहसीलदारों का तबादला किया गया है. ये तबादला आदेश रायपुर कलेक्टर द्वारा जारी किया गया है.

| क्र. | तहसीलदार/नायब तहसीलदार | वर्तमान में पदस्थ | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|
| 1 | ज्योति मसियारे | तहसीलदार, तिल्दा | तहसीलदार, आरंग |
| 2 | सीता शुक्ला | तहसीलदार, आरंग | तहसीलदार, अभनपुर |
| 3 | रामप्रसाद बघेल | तहसीलदार, अभनपुर | तहसीलदार, तिल्दा |
| 4 | विकांत सिंह राठौर | नायब तहसीलदार, अभनपुर | तहसीलदार, गोबरा नवापारा |
| 5 | राजकुमार साहू | तहसीलदार, गोबरानवापारा | भू-अभिलेख रायपुर (राजस्व प्रगति समीक्षा हेतु संलग्न) |
| 6 | सृजन सोनकर | तहसीलदार, गोबरानवापारा | अति. तहसीलदार, खोरपा, अभनपुर |
| 7 | प्रकाश सोनी | अतिरिक्त तहसीलदार, खोरपा, अभनपुर | अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर |
| 8 | सूर्यकांत कुंभकार | अधीक्षक, भू-अभिलेख रायपुर | अतिरिक्त तहसीलदार, खरोरा |
| 9 | लवन कुमार मण्डन भू-अभिलेख रायपुर | सहायक अधीक्षक, गोबरा नवापारा | नायब तहसीलदार, |

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने की मुलाकात



**रायपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्य में कोयला खनन एवं उत्पादन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में राज्य में कोयला उत्पादन, खनन कार्यों की प्रगति, श्रमिकों से जुड़ी सुविधाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में कोयला एवं ऊर्जा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को साकार करने में सहायता मिलेगी। साय ने इस दौरान सीएसआर मद की राशि का उपयोग अधिक से अधिक जनकल्याणकारी कार्यों में करने के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, एसईसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरीश दुहन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में मानसून मेहरबान, आज कई क्षेत्रों भारी बारिश की संभावना



**रायपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में सोमवार को सुबह से हल्की बारिश हो रही है. छत्तीसगढ़ में मॉनसून अब पूरे जोर पर है. आज से मानसूनी गतिविधि बढ़ने की संभावना जताई गई है. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. कुछ जगहों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा के भी आसार हैं. पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई. इसके साथ ही बलरामपुर जिले में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान 31 डिग्री पेण्ड्रा रोड में और सबसे कम तापमान 19.7 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया.

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक निम्न का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तट के पास स्थित है। इसके साथ उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है, जो धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर उड़ीसा, गंगेटिक, पश्चिम बंगाल और झारखंड की ओर अगले दो दिनों तक आगे बढ़ने की संभावना है. मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, सोनीपत, अयोध्या, गया, पुरुलिया, उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है. वहीं एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका दक्षिण राजस्थान में स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. इसके अलावा एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है.

इन मौसम प्रणालियों के चलते आज प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. वहीं एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी से अति भारी वर्षा होने की भी संभावना है. भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र मध्य छत्तीसगढ़ रह सकता है. राजधानी रायपुर में आसमान सामान्यत: मेघमय रहने की संभावना है. वहीं एक-दो स्थानों पर मेघगर्जन हो सकती है. आज तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है, 23 से 28 डिग्री के बीच रहने की संभावना है.

## कोर्टयार्ड मैरियट, मयूरा, महिंद्रा और ली रॉय समेत कई होटलों में पुलिस - आबकारी विभाग की दबिश, नियमों को ठेंगा दिखाकर छलक रहे थे 'जाम'



**रायपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। राजधानी के दो दर्जन से ज्यादा बार-रेस्टोरेंट और होटलों में पिछले दो दिनों में पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी. दबिश के दौरान बार-रेस्टोरेंट से शराब व बीयर की बोतल बेचे जाने की पुष्टि हुई, जिसकी शिकायत लंबे समय से मिल रही थी. इस दबिश में बड़े स्टार होटल, रेस्टोरेंट व बार शामिल हैं, जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. मालूम हो कि नियमानुसार बार-रेस्टोरेंट और होटल को स्नैक्स, भोजन के साथ शराब पिलाने का लाइसेंस मिला है, न कि बेचने का, लेकिन अधिकांश बार-रेस्टोरेंट व होटलों में रातभर सील टाइट बोतल महंगे दाम पर बेची जा रही है. यह काम अमूमन बार-रेस्टोरेंट, होटल बंद होने के बाद पिछले दरवाजे से हो रहा है, जो रातभर चलता है, जिसकी लंबे समय से शिकायत मिल रही थी.

इसी कड़ी में पुलिस और आबकारी विभाग ने गत शुक्रवार 27 जून को सूर्या बार, होटल ओलिव, सेंट्रल पाइंट, महिंद्रा और ली रॉय में दबिश दी. सूर्या वार निर्धारित समय के बाद भी खुला मिला और पांचों बार-रेस्टोरेंट शराब-बीयर की बिक्री करते पाए गए. इसी कड़ी में दूसरे दिन शनिवार 28 जन को फिर एलोरा इशिका और सुधा रीजेंसी में दबिश दी गई. यहां भी शराब की बिक्री पकड़ी गई. एक होटल को-पाइको में बिना लाइसेंस के ही शराब पिलाते पकड़ा गया. इस तरह चारों होटलों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया. इसके अलावा भी राजधानी के कोर्टयार्ड मैरियट, होटल पुनीत, सेंट्रल पॉइंट, आदित्य, विनार, सवेरा, सालिटायर, मयूरा, सतलज, आर्किड, कोया, जूक, एल्सव्हेयर, हाइपर क्लब, धूम्स विलेज और वीआईपी रोड के अन्य होटल-रेस्टोरेंट की जांच की गई. इन होटलों में भी बिक्री और गड़बड़ियां पाई गई हैं, जिस पर विभागीय प्रकरण दर्ज किया गया है. इसमें होटल कोर्टयार्ड मैरिएट के बार में निरीक्षण पुस्तिका और स्टॉक रजिस्टार प्रस्तुत नहीं किया गया और निर्धारित समय के बाद भी बार खुला रहा, जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई.जिन बार रेस्टोरेंट में खुलेआम महंगी कीमत पर शराब-बीयर की बिक्री की जा रही थी, इसकी शिकायत लंबे समय से मिल रही थी. अमूमन युवा देर रात बार-रेस्टोरेंट से महंगी कीमत में शराब खरीदकर कार में ही पीते पाए जाते हैं. इसके अलावा शहर के आउटर में ढाबों में देर रात तक युवाओं की भीड़ देखी जा सकती है, जो ढाबों के बाहर पहले शराब-बीयर का सेवन करते हैं, फिर खाना खाने ढाबों में जाते हैं. यह नजारा अब आम हो चुका है. इसमें अधिकांश बाहर से पढ़ने आए युवक और युवतियां भी शामिल हैं.

## साय कैबिनेट की बैठक शुरू, मुख्य सचिव नियुक्ति समेत कई मुद्दों पर होगी चर्चा

**रायपुर,** 30 जून (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में साय कैबिनेट अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में शुरू हो गई है. जिसमें मुख्य सचिव और डीजीपी की स्थाई नियुक्ति समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी. इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है. इस बैठक में मानसून सत्र की तैयारियों और किसानों से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा होगी.

## शिमला में पलक झपकते ही ढह गई 5 मंजिला इमारत

**नई दिल्ली,** 30 जून (न्यूज चैनल)। शिमला से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां कुदरत के कहर ने एक 5 मंज़िला इमारत को कुछ ही पलों में ज़मींदोज़ कर दिया। यह घटना भारी बारिश के दौरान हुई, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ ही देर में पानी का बहाव इतना तेज़ हो गया कि पहाड़ी ढलान पर बनी यह इमारत देखते ही देखते भरभरा कर गिर गई। चंद सेकेंड में पूरी इमारत धूल के गुबार में बदल गई। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे इमारत पहले हिलती है और फिर ताश के पत्तों की तरह ढह जाती है। गनीमत रही कि इमारत के गिरने से पहले ही आस-पास के लोगों को खतरा भांप लिया गया था।